खोटी दशाको प्राप्तभयाहै ३०
कोहिबंधु कुलीनस्स तथा ब्रूया त्सहृज्जने यथास्म
उक्तवान्वाक्यं युयुत्सुः कुरु सन्निधौ ३१
हे अर्जुन ऐसा कौनहैजो बंधुजनहै अपनी हितकारी सुहृद
लोकों विषे जैसे खोटे वचन करे जैसे खोटेवचन दुर्योधन कु
रुके सन्मुख युद्धकी इछाकर्के करताभया ३१
आत्मनोहि वयंदोषा द्विनष्टाः शाश्वतीः समाः

श्री·
रा· प·
टी·
१८
18

प्रदहंतो दिशःसर्वा भास्करा इव तेजसः २१
सो दुर्योधन हमारा शत्रु नहीहै अपना भ्राताहै अपनाही आत्माहै
सोको यह शोच वडाहै जो अपनेही दोषकर्के प्राणविनष्टभयेहै सदा
ही अनेक वरष दग्धभयाहै सभही दिशा हमारेको ऐसे पश्चातापक
र्कै और शोककी अग्निकर्कै प्रचंड सूर्यकी न्याई अपने तेजकर्कै दा
ह करतीहै २१

सोस्माकं वैरपुरुषो दुर्मतिः ग्रहंगतः दुर्योधन कृ
तेषेन कुलेनो विनिपातिते २२
सो दुर्योधन हमारे वंशके विनाशका आपही वैरका पुरुष वना
है आप दुर्बुद्धिहै वैरकर्केही महा वंधनको प्राप्तभयाहै यह हमारा
कुल दुर्योधनके निमित्तसे विनाशकी अग्निविषे पडाहै. २२

अवध्यानां वधंकृत्वा लोके प्राप्तास्म वाच्यतां कुल·
स्यास्यांत करणं दुर्मति पापकारिणं २४
हमजोहै सो भीष्मद्रोणादि पितृपितामह गुरु तिन्होका वधकर्के
लोकविषे गुरुघाती कुलघाती इत्यादि अपयशकी संज्ञाको प्राप्तभये
इसकुलका अंतकारी दुर्मति पापकारी दुर्योधनको कहतेहै २४

राजाराष्ट्र मरक्षेत्रा धृतराष्ट्रोध शोचति हताः सूरा :
कृतपापं विषयःस्वो विनाशितः २५
यह राजा धृतराष्ट्र ऐसे पुत्रको अपने देशराज्यके स्वामीकर्के हमा
रे साथही अव शोचता अपने कुलके महाशूर अनेकमारेहै महापा
पकियाहै और अपना देश विषय सभ विनाश कियाहै २५

हतानां विगतो मन्युः शोकोमां रुध यमसौ धने
जय कृतेपाप कल्याणो नोपहन्यते २६
हे अर्जुन सभको मारकर्के हमारे सभका दुर्योधनके प्रतिजो·
क्रोधरहा सो अव निवृत्त होगयाहै यह शोक केवल एकेरे
सोकोही पीडाकरताहै यह शोक किसी कल्याण कर्मके उपका
रके नही माराजाता २६

ख्यापने नत्तापेन दानेन तपसा पिवा निवृत्या
तीर्थ गमनात श्रुति स्मृति जपनवा २७
अपना पापकर्के कीर्तनकर्के नही निवृत्तहोता महादानकर्के न
ष्टनही होता व्रतचर्यादि तपकर्के नही जाता त्यागकर्के जाता
है श्रुति स्मृति पुराण पारायण श्रवणकर्के जाताहै वहुत मंत्र·
जापकर्के भी यहपाप निवृत्त होताहै २७

त्यागवांश्च पुनः पापं नालं कर्तुमितिस्थितिः त्याग
वान् जन्ममरणे नाप्नोतीति श्रुतिर्धुवा २८
हे भाई त्यागवान् पुरुष जोहै सो बहुत पाप करणेका उद्यम नहीं क
रता त्यागी पुरुष संसारविषे बहुत जन्म मरणकोभी नहीपावता
यह श्रुतिका अर्थ प्रसिद्धहै २८
प्राप्नवन्सा ज्ञानमतिं ब्रह्मसंपद्यते नरः मयंनेजय
निर्द्वंद्वो मुनिर्ज्ञानसमन्वितः २९
जब यह पुरुष त्याग करताहै तब ज्ञानयोगके मार्गको प्राप्तहो
ताहै और श्रवणमननादि यत्नकर्के अहं ब्रह्मास्मि ऐसी कुशल
बुद्धिको करताहै तो अखंडानंद ब्रह्मतत्वको होताहै ताते हेधनंज
य सोमे अवत्यागी होकर निर्द्वंद्व होताहूं अहंपण त्यागबुद्धिसे रहित
होइ ध्याननिष्ठाकर्के मुनिवृत्ति होताहूं ब्रह्मात्म एकनिष्ठासे युक्त है
नेवाहताहूं ब्रह्मज्ञान संयुक्त इच्छाकारी होताहूं २९
वनमामेष्य वः सर्वान् गमिष्यामि परंतप नहिक्ष
त्रवतोधर्मः शक्यः प्राप्तमिति श्रुतिः ४०
हे परंतप अर्जुन मे अव तुमको सबको कहिकर्के वनको जाता
हूं गृहस्थ होकर्के यज्ञकार्यकरना और अपना आचार इंद्रियांकादम
न अहिंसा दान स्वाध्यायकर्म यहगृहविषे नहीहोते सर्वधर्मोवि
षे ज्ञानआत्मदर्शनहि परमधर्म याज्ञवल्क्य जीनेकहाहै ४०
परिग्रहवतानन्मे प्रमत्तमरिसूदन मया रूष्टंतपा
पंहि परिग्रहसमीप्सता ४१
गृहस्थ हूनिकर्के मेने यह प्रमत्तपाप रूजाहै मेरेको गृहस्थाचा
रकी वांछाका फलभयाहै ४१
जन्मत्रय निमित्तेव शाकं प्राप्त मिति श्रुतिः सप
रिग्रह मुत्सृज्य हास्येराज्यं तथैवच ४१
ताते जन्मबंधनके त्रयनिमित्त मोको त्यागहि अच्छा साधनहै
सो मे अव गृहस्थधर्मको त्यागकरके संपूर्णराज्यकोभी त्याग
कर जाताहूं ४१
गमिष्यामि विनिर्मुक्तो विशोको विज्वरस्तथा ४२
सभसे मुक्तहोकर जैसे विशोकता होवैगी और शोक चिंताकी
निवृत्ति जैसेवने तैसीवांछाकर्के वनको जाताहूं ४२
प्रशाधिन्त्वमिमामुर्वी क्षेमां निहतकंटकां नममा
र्थोस्ति राज्येन भोगैर्वा कुरुसत्तम ४२

श्री॰
रा॰ ध॰
टी॰
४९
19

अब यह पृथ्वी पापबाधासे रहितभयाहै और कंटक शत्रुगण सभसा
रेगयेहै ऐसी पृथिवीको तूंही शासनकर ४३

एवमेव मुक्का वचनं धर्मराजो युधिष्ठिरः तूष्णीमासीत् नृपा
र्थः कनीयानर्जुन भाषत ४४

मोको अब राज्यके साथ अर्थ नहीहै और भोगोकर्केभी अर्थसिद्दि
नहीहै हे जनमेजय राजन् धर्मराज युधिष्ठिर ऐसी कहिकर तूसी
होताभया तब उसका कनिष्टभ्राता अर्जुन राजाकेप्रति वचन क
हताभया ४४

इतिश्री राजधर्मे युधिष्ठिर परिदेवनं सप्तमोध्यायः ७

इतिश्री राजधर्मे युधिष्ठिर परिदेवनं सप्तमोध्यायः ७

वैशंपायनउवाच अथार्जुन उवाचेदं अधिक्षिप्त मिवा
क्षमी अभिनीत तरवाक्य दृढवाद पराक्रमः १

वैशंपायनउवाच हे राजन् जनमेजय इसके अनंतर अर्जुनराजा
को वचन कहता भया कैसाहै राज्यशासनकी आज्ञाके राजा
के वचनकर्के अपनेको अनादरके आक्षेप जैसा मानताभया
कैसा वचन कहताभया जिसमो सर्वप्रकारकी नीतिहै और दृढ
है युक्ति और पराक्रमकेवाद उदाहरण जिसमो १

दर्शयन्स तदात्मान मुग्रमुग्र पराक्रमः स्मय मानो
महातेजा सृक्किणी परिसंलिहन् २

उग्रहै पराक्रम जिसका ऐसा अर्जुन सभको अपना आति जैसा स्व
रूपदिषावताभया और मंद उसकावनाहै महातेजवान्भयाहै औ
र अपने ओष्ठतटोंको रसनाकर्के चाटता जैसा राजाको कहता भ
या २

अर्जुनउवाच अहोदुःख महोकृछ्र महोवैक्लव्य मुत्त
म यत्कृत्वा मानुषंकर्म त्यजेथाः श्रियमुत्तमां ३

अर्जुनउवाच अहो हमारेको महाआश्चर्यरूपी दुःखभया और महा
आश्चर्यरूपी कष्टभयाहै स्वजनवधसे दुःखभयाहै शत्रुसेनाके परा
जयसे कष्टभयाहै यहराजा ऐसे मानताहै और महाकायरता भईहै
है जो अपने तेजधर्मकेर्के राज्यप्राप्तभया उसको त्यागकरणा अ
तिमूढताहै जो हमको अमानुष कर्मकियाहै ऐसेकर्के हमउत्तम
राज्य संपदाको त्यागदेवेगे ३

शत्रून्हत्वा महीं लब्ध्वा स्वधर्मेणोपपादितां एवं विधं
कथं सर्वं त्यजेथाः बुद्धिलाघवात् ४

हमने अपनेको दुःखदेवने हारे शत्रुको मारकर्के अपने पुत्रादिको
का शत्रुसे मरवाइकर्के अपने लज्जयमे कर्के समग्र पृथिवीको प्राप्त-
होइकर्के बहुत सर्वत्याग कारणे यहकार्य हमारी बुद्धिकी लघुतासे
बनताहे ४
क्लीवस्येह जनो राज्यं दीर्घसूत्रस्य वा पुनः किमर्थं च म
हीपाला नवधी क्रोधमूर्छितः ५
हे राजन् कायर पुरुषको राज्यकहा होताहे ओर दीर्घसूत्रको भी
राज्यकहा होताहे जो तुमको वनवास जेसी कायरता ओर दीर्घसूत्र
ताकर्के राज्यत्यागकी वांछारही तो क्रोधकर्के मूढहोकरके नानादे
शको राज्यलोकोंका रणविषे क्यों मरवायाहे ५
योऽस्मान्नि नीतिविभ्रंशस्य कर्मणा येनकेन चित् समा
रंभान् बुभूषन्त इतस्त्वस्मि रकिंचनः ६
हे महाप्रभो यहवाक्य हमारा प्रसिद्धहे आपसुनो जो पुरुष आप
ही अपने कायरताकर्के नष्टकल्याण गुणहोताहे सो अकिंचन
होताहे गुणपराक्रम संपदाहीन होताहे सो लोकविषे ऐसे क्रम
कर्के विख्यात नहीं होता बहुत पुत्रादि संयोग संबंधसे रहित हो
ताहे पश्चात् भिक्षावृत्तिकर्के येनकेन उपायेन अपना जीवना वो
हताहे तो महापौरुष पराक्रमकर्के जिन्हका प्रारंभकर्म बनताहे
ऐसे महासंपदावाले राज्यसंपदाकी इच्छाकरणेवाहे ६
सर्वलोकेषु विख्यातो नष्टपुत्रपशुसहितः कपाली नृ
प पापिष्ठां वृत्तिमासाद्य जीविता ७
नृतो सर्वलोकोंविषे ओर पुत्रपशुधानादि संपदा युक्तहे बहु
त पराक्रम संपदा युक्तहे जो कापाली वृत्तिकर्के भिक्षा जीवन-
को करेगा ७
समस्तराज्यं दत्त्वेते लोकाः किं वदिष्यन्ति सर्वारंभा
न्परित्यज्य इतस्त्वस्मि रकिंचनः ८
परम संपदा संपन्न राज्यको त्यागदेवेगा तो लोक तोको क्या
कहेगा जो राजा सर्व प्रारंभको त्यागकर्के नष्टकल्याण भयाहे
अकिंचन दरिद्रभयाहे भिक्षावृत्ति करताहे यह तो महामूढ
हे ऐसे महामूढ जैसे कार्यको किसहेतुसे करताहे ८
कस्मात् राज्यं समेभेजे कर्ते प्राकृतवत्प्रभो प्रसिद्धा
न क्लेशानाता जिता कृत्वा वनपरा ९
हे राजन् सर्वलोक विख्यात ऐसे उत्तमकुलविषे जन्मपाइकर्के ओ

शां॰ रा॰ ध॰ टी॰ १० ४०

समग्र पृथिवीको अपने क्षत्रधर्मसे जीतकर्के और त्यागकर्के धर्म अर्थ सबको त्यागकर्के वनको जाताहै सो तू अपनी मूढतासे जाताहै ९

धर्मार्थौ व्यखिलौ हित्वा वने मौढ्यात्वमीहसे यदिमानि हवींषीह विमथिष्यन्ति साधवः १०

तैने मोको राज्यकरणे कहाहै तो मोको राज्यकरना नहीहै जो तमने राज्यत्यागकिया राजाविना इसपृथिवीमो तस्करादि लोक परद्रव्यादि हरण करेंगे धनहीन लोकोंको होम यज्ञादि धर्मखंडित होजावेगे सो पाप निश्चयकर्के तमकोही प्राप्तहोवेगा १०

भवन्ति विप्रहीनानि प्राप्तं तामेव किल्बिषं अकिंचनाम नाशंस मिति वै नहुषो ब्रवीत् ११

तैने त्यागकर्के अकिंचनताइति श्रेष्ठमानीहै इसकी राजा नहुष ने अप्रमाण कियाहै जो धनका अभाव होताहै सोही पाप होताहै जब राजा नहुष अगस्त्यके शापकर्के अजगर सर्पभयाहै तब दरिद्रभावकर्के भीमसेनको ग्रासकरताभया तम्हारे समागमकर्के उसको शापमोक्ष भयाहै तब उसने मनुष्यग्रासरूप अपने कर्मको धिगकहाहै यहपाप अकिंचनतासे अधनतासे भयाहै तोंते दरिद्रकर्के अधनता होतीहै इसवृत्तिको धिगहै तोंते यहअधनता मुनिवृत्तिहै राजधर्मके वृत्ति नहीहै ११

दृष्टान्तस्य त्यधने धिगस्तु धनतामिह अश्वस्तन मृषीणांहि विद्यते वेदतद्भवान् १२

तमने जो असंग्रहवृत्ति श्रेष्ठीमानीहै सो ऋषीलोकोंकेवृत्तिहै जिसको लोकधर्मकरतेहै सो धर्मभी धनसेही होताहै १२

यं त्विमं धर्ममित्याहु र्धनादेव प्रवर्तते धर्मं संहरते तस्य धनं हरति यस्य सः १३

जो पुरुष जिसके धनको हरताहै उसके धर्मकर्मको सोई हरताहै हमही इसपापके हेतुभयेहै ताहे जो प्रथम हमाराधनही दुर्योधनके पुत्रोने हराहै तो हम उन्हको कैसाक्षमा करेंगे १३

क्रियमाणेधने राजन् वयंकस्य क्षमेमहि अभिशस्ते प्रपश्यन्ति दरिद्रं पार्श्वतःस्थिते १४

जो पुरुष दरिद्र होता है उसको धनी लोक अपने पास भये को देख
कर सभही उसको चोर जैसी अपराधीको जैसे देखते जाते दरिद्र
लोकविषे महापापका फल है उसको नमको उत्तम मानते हो १ ४

दारिद्र्यं पातकं लोके तत्तत् शंसितु मर्हसि पतितः
शोचते राजन् निर्धनश्चापि शोचते १५

हे राजन् जो पापकर्म करके पतित होता है सो अपने पापकर्मको
शोचता है और निर्धन पुरुषभी अपने पापकर्मको शोचता है ह
म निर्धन पुरुषका और पापी पतित पुरुषकी हीनताविषे विशे
षता कुछ नही जानते १५

विशेषं नाधिगच्छामि निर्धनस्या वरस्यच अर्थेभ्योहि
विवृद्धेभ्यः संवृत्तेभ्य स्ततस्ततः १६

जो अर्थ समृद्ध होवे और संग्रह कियेहोवे सभही धर्मक्रिया सर्व
प्रकारसे होती है जैसे नदीयां पर्वतोंसे प्रवृत्त होती है १६

क्रियाःसर्वाः प्रवर्तन्ते पर्वतेभ्य इवापगाः अर्थाद्धर्मश्च
कामश्च स्वर्गश्चैव नराधिप १७

हे राजन् अर्थसे धर्म होता है कामसंकल्पभी सिद्धहोता है स्व
र्गलोकभी सिद्ध होता है और लोकोंकी प्राणयात्राभी अर्थवि-
ना नही होती १७

प्राणयात्रापि लोकस्य विनार्थं न प्रसिद्ध्यति अर्थेनेह
विहीनस्य पुरुषस्याल्प मेधसः विच्छिद्यंते क्रियाःसर्वा
ग्रीष्मे कुसरितो यथा १८

जो पुरुष धनसंपदारूपी अर्थसे हीन है सो अल्पबुद्धि होता है
उसकी सभही धर्मक्रिया विच्छिन्न होती है जैसे ग्रीष्मकालविषे
तुच्छनदीयां स्वल्पजल होती है शुष्क होजाती है १८

यस्यार्था स्तस्य मित्राणि यस्यार्था स्तस्यबांधवाः यस्या
र्था सपुमांल्लोके यस्यार्थाः सचपंडितः १९

जिस पुरुषके पास अर्थ है उसके सभ है मित्र होते हैं जिसको अ
र्थ है उसके सभहि बांधव होते है जिसके अर्थ है सोई इसलोक
विषे पुरुष कहावता है प्रसिद्ध भी होता है जिसको अर्थ है सोई लो
कविषे महाप्रतिष्ठावान पंडित होता है १९

अधनेनार्थकामेन नार्थः शक्यो विवित्सता अर्थैरर्थो
निबध्यंते गजाइव महागजैः २०

हे राजन् जो पुरुष अधन है किसी अर्थको सिद्ध करणावाहे उसने

श्री॰
रा॰ प॰
टी॰
२१

किसीकार्यका अर्थभी सिद्धकरण शक्य नही होता अपने पास
अर्थ होवे तबही सर्वकार्योंके अर्थ समृद्ध होताहै जैसे अपनीपा
स किसीको गज होवे तो उनके प्रसंगसे वनके महागजभी वश॰
होताहै २०

धर्मःकामश्च हर्षश्च धृतिःक्रोधः श्रुतं मदः अर्थादेता
निसर्वाणि प्रवर्तन्ते नराधिप २१

हे नराधिप धर्म और काम और हर्ष और धैर्य और क्रोध और शास्त्रश्रव
ण और मदके कार्य यह सभही अर्थसेही प्रवृत्त होतेहै २१

धनात्कुलं प्रभवति धनाद्धर्मः प्रवर्तते नाधनस्यास्त्ययं
लोको नपरः पुरुषोत्तम: २२

आप पुरुषोंविषे उत्तमहो यह निश्चयकरो धनसे कुल उत्तम हो।
ताहै धनसे धर्म बढताहै अधन पुरुषको इहलोक नही ब।
नता २२

नाधनो धर्मकृत्यानि यथावदनुतिष्ठति धनाद्धर्मः प्र
भवति शैलादपि नदीयथा २३

अधन पुरुष जोहै सो धर्मकार्योंको यथाविधि नही करसकता
धनसेही धर्म होताहै जैसे पर्वतसे नदी प्रवृत्त होतीहै २३

यःकृशाश्वः कृशगवः कृशभृत्यः कृशातिथिः सवैरा
जन्कृशोनाम नशरीर कृशःकृशः २४

हे राजन् जो पुरुष कृशाश्व है स्वल्प घोडेवालाहै जिसकी स्वल्प गो
धन है सो कृशगव है जिसके स्वल्प भृत्य है सो कृशभृत्य है जिसके
अतिथि याचक स्वल्पलोक है सो कृशातिथि है ऐसे पुरुषको स
भलोक कृश मानते है जो शरीरसे कृश है उसको कृश नही मानते २४

अवेक्षस्व यथान्यायं पश्यदेवासुरं यथा राजन् किम
न्यज्ज्ञातीनां वृधाद्वृध्यन्ति देवताः २५

आप यथायोग्य दृष्टान्त न्यायकरके विचारो जैसे देवासुर न्यायको
देखो देवता जोहै सो अपने जातिबांधवोंके वधविना क्या राज्य
ऋद्धीको प्राप्तभये है २५

नचेद्धिंसा मन्यस्व कथंतद्धर्म मावेदन् एतावानेव वे
देषु निश्चयः कविभिः कृतः २६

जो किसीको नहि हिंसा करणी सो वेदधर्मका कैसे आचरणबने
वेदोंविषे यज्ञादि धर्मकर्मका हिंसामात्रही आचारकविलोकोने प्र
णाम किया है २६

अधीतव्या त्रयी नित्यं भवितव्यं विपश्चिता सर्वथा धन
माहार्यं यष्टव्यं चापि यत्नतः २७

धर्म अर्थ कामको सिद्धकरणेहारी वेदत्रयी अवश्य अध्ययन कर
णे योग्य है इसके साधन सामग्रीके उपाय करणेको चतुरता क
रणे योग्य है इसके वास्ते सर्वप्रकारसे धनसंग्रह करणे योग्य है
बहुत धन करके यज्ञ कर्तव्य है २७

द्रोहाद्देवै रवाप्तानि दिविस्थानानि सर्वशः द्रोहात्किम
न्यज्ज्ञातीनां गृध्यंते येन देवता २८

देवतालोकोंने असुरोंके द्रोहसे स्वर्गमें सभही स्थापन पाई है
और अपने बंधुजनोंसे इतर और क्या किया है जिसकरके देवता
ऋद्धिको प्राप्त भये है २८

इति देवा व्यवसिता वेदवादाश्च शाश्वताः अधीयंते ध्या
पयंते यजंते याजयंति च २९

इसप्रकार देवता असुरोंके द्रोहको सदा उद्यम करते हैं वेदवाद
भी इसीप्रकार सदा सिद्ध वर्ती है इसी वास्ते वेदशास्त्रोंको पढते
है और पढावते भी है द्रोहवास्ते यज्ञ करते है और याजन भी
करावते है २९

कृत्स्नं तदेव तच्छ्रेयो यदद्य उपपद्यते न पश्यामोऽन
पकृतं धनं किंचित्क्वचिद्वयं ३०

सर्वप्रकारका सर्वप्रयत्नसे सर्वत्र हमने सर्वकल्याण देखा है
जो अन्य जातीसे अन्य पुरुषसे जोकुछ धनमात्र ग्रहण करना
ऐसा धनका उपाय नहीं देखा जिसमें परके प्रीति हानि अपका
र जिसमें नहीं है ३०

एवमेव हि राजानो जयंति पृथिवी मिमां जित्वा ममेयं
ब्रुवते पुत्रा इव पितुर्धनम् ३१

इसीप्रकार राजालोक परधनके हरणेवासे पृथिवीको विजि
जय करते है परभूमिको हरकरके कहते है हमने यह भूमि जी
ती है इसविधि अपने पिताके धनसमान अपनी ममता करते है १

राजर्षयो जितस्वर्गा धर्मो ह्येषां निरुच्यते यथैव पूर्णा
दुदधेः स्यंदंत्यापो दिशो दश ३२

इसप्रकार पृथिवीके जयवाले राजा स्वर्गको प्राप्त भये है यही धर्म
मार्गका अर्थ कहा है इसी क्रमसे सर्वत्र धर्मकर्म प्रवृत्त होते है जैसे
पूर्ण समुद्रसे दशदिशाको जलसमूह जाते है ३२

एवं राजकुलानि विनं पृथिवीप्रति निष्ठति आसीदि
ये दिलीपस्य नृगस्य नहुषस्य च २३
ऐसे विजयरूपी धर्म करके राजकुलस पृथिवीको प्रतिष्ठाक
रतेहै इसीप्रकार राजा दिलीपको धनभयाहै नृगराजाके
धनभयाहै नहुषराजाके धनभयाहै २३
अंबरीषस्य मान्धातुः पृथिवी सा त्वयि स्थिता सम्यग्
व्यसेयायज्ञः सदामः सर्वदक्षिणः २४ नेचेत्र यजस
राज त्वामस्तु राज किल्बिषं २५
इसी प्रकारसे अंबरीषराजाके धनभयाहै और मान्धाताको
भी इसीप्रकार धनभयाहै सोई पृथिवी शत्रुजय करके तोको
प्राप्त भई है सोई यह पृथिवीरूप द्रव्यमय यज्ञतोको प्राप्त भ
याहै कैसाहै सर्वप्रकार द्रव्यदक्षिणा इसकी फलहै २४ इस
विषे रक्षाविना जो पापकर्म होवेगा उसका दोष तोको हो।
वेगा २५
येषां राजाश्वमेधेन यजते दक्षिणावता उपेत्य तस्या
वभृथे प्रजाः सर्वे भवन्ति ते २६
जिस पृथिवीका राजा प्रजासे धनलेकर अश्वमेध करके यज्ञ
करताहै सभही सो प्रजालोक यज्ञान्तस्नान विषे अपने २
धनाजेन दोषसे पवित्र होतेहै २६
विश्वरूपो महादेवः सर्वमेधे महामखे जुहाव सर्वभू
तानि तथैवात्मान मात्मना २७
विश्वरूप करके स्वल्प महादेव ब्राह्मण भयाहै सो सर्वप्राणी व
धवाले सर्वमेध यज्ञ करताभया उसयज्ञ विषे सर्वप्राणिवध
विषे ब्राह्मणवधभी करताभया पश्चात् अपने शरीरकोभी
होम करताभया सो ब्राह्मण हत्याको और आत्महत्या दोष
को तरगयाहै तो शत्रुवध करके विधका द्रव्यहरणसे तोको
क्यादोष भारी होताहै २७
शाश्वतोयं भूतिपथो नास्यान्तमनुशुश्रुम महान्दाश
रथः पन्था मारा जन्नु रूपस्थितः २८
हे राजन् यह यज्ञादि धर्मकर्मका मार्ग सनातन बनाहै कैसा
है दाशरथहै इसके दशअंगहै एकतो यज्ञका पशुहै १ एक य
जमान २ यजमानकी पत्नी ३ तीनवेद ४ ऋत्विजा १० द्रव्य

संपदाकी उपार्जना उसकामुख्य मार्गहै इसके श्रवणके अंतको इसनहीं श्रवणकरती ऐसे यज्ञकर्मकर्के सर्वपापोके दोषकी शांति होतीहै इसको त्यागकर्के तुमवनवासवास्ते सर्वत्यागरूपी कुमार्गको मतसेवनकरो ३८

इति श्री राजधर्मे अर्जुनवाक्य मष्टमोध्यायः ८

इति श्री राजधर्मे अर्जुनवाक्य मष्टमोध्यायः ८

युधिष्ठिरउवाच मुहूर्तेनावैकाग्रो मनः श्रोत्रेंतरा
त्मनि धारयस्वेति तत्क्षणा रोचत वचनं मम १

हे अर्जुन तू एक मुहूर्तमात्र प्रथम एकाग्रस्थितिकर मनको और श्रोत्र इंद्रियोंको अपने आंतरीय आत्माविषे विचारवास्ते स्थितकर्के मेरेवचनको धारणकर जबतोको अंतमुख दृष्टहोवेगी तब हमारा रुचिकरेगा अंतमुखकोही निवृत्तमार्ग रुचिकरताहै वहिर्मुखको नहीं प्रीति करता १

साधुगम्य महंमार्गं नजान त्वत्कृते पुनः गच्छेयंत
गमिष्यामि हित्वा ग्राम्य सुखोत्सुत २

साधुजनोको जो गंतव्य मार्गहै उसकोत्यागकर्के तुम्हारे कहे वचन वास्ते ग्राम्यभोगके मार्गमो मैनहीजाता ग्राम्यभोगके इंद्रियसुखोको त्यागकरके मै वनको नही जावेगा २

तेभ्यश्चैकाकिना गम्यः पंथाः कोस्तीति पृच्छमा
अथवा नेच्छसि पृष्टुः मत्पृच्छत्वपि मे शृणु ३

हे अर्जुन जोतोकी मेरावचन श्रवणकरणेकी वांछाहै तो मोको ऐसी पृछाकर एकाकी पुरुषने कौनसा मार्ग गंतव्यताको एकहै जो तू मोको अपृछाकर्के वहिर्मुखतासे पृछाकरता तो तेरे वचनके उत्तरवास्ते मैं आपकहताहूं उसको श्रवणकर ३

हित्वा ग्राम्य सुखाचारं तप्यमानो महत्तपः अरण्य
फल मूलाशी चरिष्यामि मृगैः सह ४

मैतो ग्राम्य भोगके सुखाचारको त्यागकरके महातप करताहूं और वनके फलमूल भोजन कारके मृगोंके साथ विचारोंगा ४

श्री० अहान्तोऽग्नि यथाकाल मुभौ कालावुपस्पृशन् कृश :
रा० प० परिमिताहारः सुमैः वीरजटाधरः ५
टी० अग्निहोत्रके समयमें अग्निको होमकरताहै प्रातःकालसायं
११ कालमें स्नानकरेगा तपकर्के कृशशरीरकर्के स्वल्प आहार
करताहु मृगचर्म भूर्जपत्रके वस्त्र जटाधारण करेगा ५
शीतवाततपसहः क्षुत्पिपासा श्रमक्षमः तपसा
विधिदृष्टेन शरीरमुपशोषयन् ६
शीतवात धामको सहारण हारा और क्षुधापिपासाके श्र
मको सहारेगा विधीसे कहे तपकरके शरीरको शो
षकरताहू ६
मनःकर्णसुखा नित्यं शृण्वन्नुच्चा वचागिरः मुदि
ताना मरण्येषु वसतां मृगपक्षिणां ७
और वनवासी मुनिजनोंकी कथाहै स्वल्प विस्तारवालीयां
मनको कर्णको सुखकरणेहारी उनको श्रवणकरता
हुवा नानारूपधारी मृगपक्षियोंके मधुर आलापोंकोभी
श्रवण करेगा ७
आत्तिष्ठन् पेशलानां धान फलानां पुष्पवीरुधां ना
नारूपान् वनेपश्यन् रमणीयान् वनौकसः ८
और वनके जो वृक्षपुष्पहैं सो प्रफुल्लितभयेहैं तिन्होंके मे
द समयमें तिन्होंको सेवनाहुआ नानारूपधारी वनवा
सी वानप्रस्थ लोक तिन्होंकोभी देखताहु ८
वानप्रस्थ जनस्यापि दर्शनं कुलवासिनां नप्रिया
एयाचरिष्यामि किंपुनग्रामवासिनां ९
वानप्रस्थ जो वनवासी जनहै तिन्हके दर्शनको करताहुं
वहुर उन्हके अप्रियनहीं करता जो ग्रामवासी जनोंका अ
शुभ कैसी करेगा ९
एकान्तशीली विमृशन् पक्वापक्वेन वर्तनं पित्त्न्
देवांश्च वन्येन वाग्भिरद्भिश्च तर्पयन् १०
अथवा मे इकेलाही एक २ वृक्षके तलु एक २ रात सेवनकुर्के
फलमूलादि पक्व अथवा अपक्व उसकर्के देहपोषणकरेगा
पितरोंको देवगणोंको वानीयजनकर्के जलादि तर्पण नमस्क
रेगा १०

एवमारण्यशास्त्राणां मुख्यमुग्रतरं विधिं सेवमानः
प्रतीक्षिष्ये देहस्यास्य समापनम् ११
इसप्रकार अरण्यवासकी शास्त्रोंकी अतिउग्र विधिको सेव
नकर्के इसदेहकी समाप्तीहै उसको देखलेवौंगा ११
अथवा सोहमेकाहमेकैकस्मिन्वनस्पतौ चरन्भै
क्ष्यं मुनिर्मुंडः क्षपयिष्ये कलेवरं १२
अथवा मै एकाकी होकर एक२ वृक्षविषे भिक्षाहूतिकर
ताभया मौनधारी मुंडितहोकर देहको कालक्षेपन करौं
गा १२
पांसुभिः समभिच्छन्नः शून्यागार प्रतिश्रयः वृक्ष
मूल निकेतो वा त्यक्तसर्व प्रियाप्रियः १३
अथवा भूमिशय्याको वह्नत धूलीकर्के लिपटाहुआ शून्य
मंदिरके आश्रयकरौंगा अथवा वृक्षमूलविषे वासकरौंगा
सर्वकालविषे सभके प्रिय अप्रियको त्यागकरौंगा १३
नशोचन्न प्रहृष्यंश्च तुल्यनिंदात्म संस्तुतिः निराशी
र्निर्ममो भूत्वा निर्द्वंद्वो निष्परिग्रहः १४
नमैं शोचकरौंगा नहर्षकरौंगा निर्ममहोकर निर्द्वंद्व और निस्पृह
होकर कालक्षेपना करौंगा १४ निराशा
आत्मारामः प्रसन्नात्मा जडांधबधिराकृतिः अकुर्वा
णः परैः कांश्चित्संविदं जातुकैरपि १५
वहद आत्मयोगकर्के आत्मविचारविषे रमणमाण होवौंगा सदा
प्रसन्नचित्तहोकर जडोंकी अंधोंकी वहरेकी तरां अपनाको
करौंगा किसीनिमित्तकर्के किसीके साथभी गोष्ठी नहीकरौ
गा किसीका कोई कृतमाको नहीनहीकरेगा १५
जंगमाजंगमान्सर्वान्नविहिंसंश्चतुर्विधान् प्रजाः
सर्वाः स्वधर्मस्थाः समः प्राणभृतः प्रति १६
स्थावर जंगम येते चतुर्विध प्रजासो अपने स्वभावके धर्मवि
षे स्थित प्राणधारी प्रजाहै तिन्हको समदृष्टि करदेखौंगा १६
नचाप्यवहसन्कंचिन्न कुर्वन्भ्रुकुटीः क्वचित् प्रसन्न
वदनो नित्यं सर्वेंद्रिय सुसंयतः १७
ना किसविषे हास्यकरौंगा नकोपकर्के भृकुटीमुख होवेगा

श्री०
रा० य०
टी०
१४

२५

सदाप्रसन्न वदनताकर सर्वइंद्रोंके संयम संयुक्त रहोंगा १६
अदृष्ट्वा कस्यचिन्मार्गं अज्ञनेनैव केनचित् न देशं न
दिशं कांश्चिद्गन्तु मिच्छन्विशेषतः १७
किसीको किसी मार्ग अज्ञाको नहीकरोंगा येनकेन मार्गकर्कै
अटनकरोंगा न किसी देशको न किसी दिशाको गमनेच्छा करो
गा विशेष इच्छाकही नही करोंगा १७
गमने निरपेक्षश्च पश्चादनवलोकयन् ऋजुः प्र
णिहितो गच्छ समस्थावर वर्जकः १८
निरपेक्षही गमनकरोंगा पश्चात्दृष्टिनकरोंगा सूधेमार्गही
अनन्यस्वहोकर भयादिरहित सूक्ष्मशरीरकी अवस्थाकरोंगा
और शरीरकी चेष्टाको विस्मरणकरके अहंता ममता शून्य
होवेंगा १८
अल्पंवा स्वादु भोज्यंवा शर्वलाभेन जातवित् अपे
क्षपिवरं लाभ मलाभे समदर्शयन् १९
हे अर्जुन स्वल्पहोवे वहुतहोवे स्वादिष्टहोवे वा नही स्वादि
ष्टहोवे शर्वले गृहस्थ गृहमो जैसा प्राप्तहोवे भोज्यपदार्थ उ
सककें देह पोषणमें करोंगा जो शर्वले गृहमों नहिमिला
तो अवर गृहविषे विचरोंगा जो कदाचितनही प्राप्तभयातो
प्राप्त संतोषकर्के उदरपूरणाकरोंगा १९
विधूमेन्यस्त मुसले अंगारे भुक्तवज्जने अतीत पा
त्रसंचारे काले विगत भिक्षुके २०
अव भिक्षा कालके निश्चयको कहतेहै जव गृहस्थोंका गृह
पाकशालाके धूमरहित होवेगा और उखल मुशलका अ
न्नको सुधारके त्यागदेवेंगे पाकाग्निअंगारभी शांतहोजावेगा
गृहवासीजन भोजनकरलेवेंगे और पाकपात्रोंका संचार गृह
ण मार्गमेंरहित होजावेगा २०
एककाले चरेद्भैक्ष्यं त्रीनथ द्वेव पंचवा स्पृहापाशं
विमुच्याहं चरिष्यामि महीमिमाम् २१
और भिक्षलोकभी भिक्षालेजावेगे उसकालविषे एक ग्रास
तीनग्रास अथवा पंचग्रास पर्यंत भिक्षाकरोंगा सर्वप्रकार
की तृष्णात्यागकर्कै इसपृथिवीको पर्यटन करोंगा २१

अलाभे मति वा लाभे समदर्शी महातपाः नजि
जीविषुर्वत्किंचि न्नमुमूर्षुर्वदाचरन् २४
भिक्षाके लाभविषे अथवा अलाभविषे दाता अदाता जन
विषे समदर्शी मनका संयमरूपी महातप करेगा न
जीवनकी इच्छा करेगा मारणकी इच्छा रहित जैसे आ
चारको करेगा २४
जीविते मरणे चैव नाभिनंदन्न च द्विषन् वास्यैकं
नत्तो बाहुं चंदने नैक मुक्षतः २५
जीविनेको मरणेको न स्तुति करेगा न निंदा करेगा एक
भुजाको न तो जो काष्ठ छेदने हारा उसकर्के छेदा जावे एक
भुजाके चंदनकर्के सिंचन करे तो भय शोक आनंद हर्ष र·
हित होता है २५
नाकल्याणं न कल्याणं चिंतयन्नुभयोस्तयोः याः
काश्चिज्जीविताशकाः कर्नेम भ्युदयक्रियाः २६
न अकल्याणको त्यागना कल्याणकी वांछा दोनोंकी चिंत
न रहित होता हूं जो जीवनेकी उत्सव क्रिया कर्नेमनाको
शका है उनके संगको त्याग करता हूं २६
सर्वाल्लाः संपरित्यज्य निमेषादि व्यवस्थिताः २७
सर्व प्रकारकी जेती क्रिया हैं तिन्हको त्यागकर्के हर्षशो
कलाभ अलाभादि सर्वकालनादि अवस्थाको त्यागकर
ता हूं २७
नेष्ठु नित्य समस्तेषु त्यक्तसर्वेंद्रिय क्रियः अपा
स्तिमनः संकल्पः मुनि मुक्तात्म कल्मषः २८
जैसे खानपानादि संकल्प विकल्प हैं तिन्हों विषे शरीर नि
र्वाहमात्र कर्मविषे स्थित भया और सर्वप्रकारकी क्रिया
विषे असंग और संकल इंद्रियोंके क्रियाके प्रसंगको त्या
गकर्के वह उमनको इंद्रियोंकी वृत्तियोंसे संकल्परहित क
रता हूं मुनि होकर सर्वप्रकारका वासनारूपी पाप तिसने
हर किया है २८
विमुक्तः सर्व संगेभ्यो व्यतीताः सर्वबाधकाः न
वशे कस्यचित्तिष्ठ न्न मयमी मानविष्मनः २९
सर्व प्रकारके पापकर्मोंसे विमुक्त होता हूं और प्रकार·

श्री॰
ग॰ प॰
टी॰
२५

की स्नेह श्रृंखला जिसकी विनीत भई है इसप्रकारकी किसीका भी वशवर्ती नहींहोता पवनके समान सभसे असंग और सर्व गत है २९

वीतरागश्चरेय्यं नहि प्राप्स्यामि प्राप्स्यती महत्याया हि महत्पाप मज्ञाना हमिकारितः ३०

वीतराग होकर लोकविषे विचरताहूं परम उत्तम अखंड नित्य शिको प्राप्त होताहूं यह ऐसा महापाप मूलहै इसने जो मेरे पाप करवायाहै सो अज्ञानसे पापकर्मविषे मोको जो प्रवृत्त कियाहै ३०

कुशलाकुशलाभ्येके कृत्वा कर्माणि मानवाः कार्यकारण संश्लिष्टे स्वजने नाम बिभ्रति ३१

हे अर्जुन एकप्रकारके जो मूढलोक हैं कुशलकर्मको अकुशलकर्मको करके जिन्होंने अपने सुखवास्ते स्नेह कियाहै पराये सुखवास्ते नहि स्नेह किया सो पुत्रादि अपने संबंधी जनोंको पोषण पालनवास्ते यत्नकरते है सो पुत्रादि जो प्रेम करतेहै अपने सुखवास्ते करतेहैं भर्तादिकोंके सुखवास्ते नहि करते ३१

आयुषोन्ते प्रहायेदं क्षीणप्राणं कलेवरं प्रतिष्ठ हाति तत्पाप कर्तुः कर्मफलं हि तत् ३२

जब इसप्राणीकी आयुषाका अंत होताहै तब यह प्राणीप्राणोंकि क्षीणतावाले कलेवरका त्यागकरके सो पुत्रादि पोषणवास्ते पाप कियाहै उसका पापकर्ताही ग्रहणकरता है उसीको पापकर्मोका फल होताहै ३२

एवं संसार चक्रेस्मिन्व्याविद्धे रथचक्रवत् समेति भूतग्रामोयं भूतग्रामेण कार्यवान् ३३

इसप्रकार इस संसार चक्रविषे रथचक्रकी न्याई सर्वप्राणीगण जो है कर्मजाल मोहजालकरके बांधाहै सो सब ई भूतग्राम अपनी कार्यवालाहै ३३

जन्ममृत्यु जराव्याधि वेदनाभि रभिद्रुतं अपार मिव चास्य संसार त्यजतः सुखम् ३४

जन्ममरण जराव्याधिके उपद्रव वालाहै इससंसारविषे दुःखकी व्याकुलता अपार बनीहै इसको त्यागकरनेहारेको परम सुख होताहै ३४

दिवः पतन्त देवेषु स्थानेभ्यश्च महर्षिषु कोहि
नाम भवेनार्थी भवेत्कारण तत्त्ववित् २४
इसी प्रकार का स्वर्ग विषे है पुण्यकारी भूलोके शरीरभी स्वर्ग
भोगके अंतमो स्वर्गसे पडते है और महाऋषिभी ऋषिलोकु
से तपस्याके फलके अंतमो पडजाते है तांते विचारवान् को
तुच्छ वहे उनका अर्थी न होहोवे यो विचार भोग पदार्थोका
अर्थी कोई नहीं होवे येनकेन प्रकारेण कार्यकारणतत्त्वके त
त्वविचारवान् होवे २४
कृतानि विविधं कर्म तत्तद्विविध लक्षणं पार्थि
वै नृपतिः स्वल्पैः कारणै रेव बध्यते २५
हे अर्जुन जो पृथिवी का महाराज है सोभी तुच्छ राजो लोको
ने सामदानादि नाना प्रकारकु कपटकर्मकर्के बांधाजाता है
महाराजाने कनिष्ठ राजा लोकोका अवमानादिक किया है सो
सभही निकृष्ट राजा लोक मिलकर्के इकेले महाराजको पक
डलेते है पिपीलिका सर्पन्याय जैसा होइ बनजाता है २५
तस्मात्प्रज्ञामृतमिदं चिरान्मां प्रत्युपस्थितं तत्प्रा
प्य प्रार्थये स्थान मव्ययं शाश्वतं ध्रुवं २६
तांते यह विचाररूपी अमृत मोको चिरकालसे प्राप्त भया है
इसको पाइकर्के अव्यय अक्षर सदा वर्तमान ऐसे मोक्षस्थान
को वांछा करताहूं २६
एतया सततं वृत्त्या चरन्नेवं प्रकारया जन्ममृ
त्यु जराव्याधि वेदनाभि रभिद्रुत देहं संस्थाप
यिष्यामि निर्भयं मार्गमास्थितः २७ इति श्रीम
हाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे युधिष्ठिरवा
क्यंनाम नवमोध्यायः ९
विचारकर्के ऐसे मोक्षस्थानको धैर्यमोको प्राप्त भया है इस
कर्के सर्वत्यागकर मैं विचारताहूं इसकर्के जन्ममरण ज
राव्याधि पीडासे रहित मार्गको पाइकर दृढस्थितिकर्के
देहको प्रारब्धकी समाप्तिमो त्यागकरताहूं २७ इति श्री
महाभारते राजधर्मे युधिष्ठिरवाक्यं नाम नवमोध्यायः ९

श्री. ग. प. टी. २५

26

भीमसेन उवाच श्रोत्रियस्येव ते राजन्‌ मंदकस्या
विपश्चितः अनुवाक हता बुद्धि र्नैषा तत्त्वार्थदर्शिनी १
भीमसेन उवाच हे राजन्‌ तेरी बुद्धि कैसी है वेदपाठी श्रोत्रिया
की बुद्धि के समान है वेदपाठी को अर्थज्ञान नहीं होता तो ते
मंद बुद्धि होता है अर्थज्ञान विना केवल मंत्रपाठ के अनुवाक
विभाग जानता है तत्त्वविचार विना जैसी उसकी बुद्धि नष्ट हो
ती है तैसी तेरी बुद्धि भी नष्ट भई जैसी है १
आलस्ये कृतचित्तस्य राजधर्मान सूयतः विना
शो धार्तराष्ट्राणां किं फलं भरतर्षभ २
तैने आलस विषै ही चित्त को सदा निश्चल किया है परमार्थ
मो श्रद्धा नहीं किया जो तसा तू राजधर्म को अनादर करता है
तो धृतराष्ट्र के पुत्रों को विनाश का का फल हम को बताता है २
क्षमा अनुकंपा कारुण्य मानृशंस्य न विद्यते त्वा
त्र मावरतो मार्ग मपिवयो स्त्वदंतरे ३
हे राजन्‌ क्षमा जो है अपराध सहारणा अनुकंपा जो है पर
दुःखनिवृत्ति वांछा कारुण्य जो है परदुःखदर्शन मों मन की
दीनता आनृशंस्य जो है अक्रूरता यह चारो राजधर्म के आच
रण मो अपने वंधु के प्रति भी तुम से भिन्न और किसी मों न
ही है ३
यदी मा भवतो बुद्धि विद्याम वयमीदृशं शस्त्रं
नैव ग्रहीष्यामो नवधिष्यामि कंचन ४
जो हम तुम्हारी इस प्रकार की बुद्धि को प्रथम जान लेते
तो हाथ मो शस्त्र को ग्रहण नहीं करते और किसी को भी
नहीं रण मो मारते ४
भैक्ष्यमेवा चरिष्यामः शरीरस्या विमोक्षणा
त् न वेद दारुणं युद्ध मभविष्यत्‌ महीक्षितां १
शरीर के प्राण मोक्ष पर्यंत भिक्षाचरण ही करते और ऐ
सा सर्वक्षयकारी युद्ध राजा लोकों का नहीं होता १
आणस्या न मिंदसर्व मितिवै कवयो विदुः

स्थावरं जंगमं चैव सर्वं प्राणस्य भोजनम् ६

हे राजन् क्षत्रधर्मके निश्चयवाले कविजनोंका यह मत प्रमाण है जो बलवान् प्राणधारी है उसको संपूर्ण पृथिवी अन्न के समान भोजनरूप है वीरभोग्या वसुंधरा ऐसे स्मृतिवाक्य से स्थावर जंगम जो पदारथ है सो सब ही बलधारी प्राणी का भोक्तव्य भोजन बना है ६

आददानस्य चेद्राज्यं ये केचित्परिपंथिनः हंतव्यास्त इति प्राज्ञाः क्षत्रधर्मविदो विदुः ७

जो राजा अपने राज्यको ग्रहण करणेकी वांछा करता है उसके जो जो राज्यापहारी शत्रु होवे सो उसने सर्वप्रकारसे हंतव्य है यह सिद्धांत है इसको चतुर जो क्षत्रधर्मके सो जानते है ७

ते सदोषा हताऽस्माभी राज्यस्य परिपंथिनः तान्हत्वा भुंक्ष्व धर्मेण युधिष्ठिर महीमिमां ८

जो ते धृतराष्ट्रके पुत्र हमारे राज्यापहाररूप महादोष संयुक्त है महाशत्रु है उन्हको मारकरके अपने धर्मकरके हे युधिष्ठिर इस पृथिवीको तुम निःशंक होकर भोग ८

यथा हि पुरुषः खात्वा कूपमप्राप्य चोदकं पंकदिग्धो निवर्तेत कर्मेदं नस्तथोपमं ९

जैसे कोई पुरुष जलके वास्ते कूआ खोदकरके जलकी प्राप्ति विना पंकसे लिपटकर बहुत जलपानके उद्यमसे निवृत्त होजावे तैसा त्यागरूपी तेरा यह कर्म बना है ९

यथारुह्य महावृक्षमपहृत्य ततो मधु अप्राप्य निधनं गच्छेत्कर्मेदं नस्तथोपमम् १०

जैसे कोई पुरुष फलभोजनकी वांछा करके महावृक्षको आरोहण करके उस वृक्षसे मधु ग्रहण करके पश्चात् आपही मर जावे तैसा मेरा यह त्यागरूपी कर्म होता है १०

यथा महांतमध्वानमाशया पुरुषो व्रजन् स निराशो निवर्तेत कर्मेदं नः तथोपमम् ११

जैसे पुरुष धनकी आशा करके महा कठिन मार्गको जा

नाहै यनप्राप्तिकालमें आपहि निराश होकरकै निहत्त होजावे
तैसा तेरा यह कर्तव्य वना है ११

यथाशक्त्या यातयित्वा पुरुषः फलं नेच्छन आत्मा
ने ज्ञातयेत्तथा कर्मेदं न त्वत्योपमम् १२

जैसे तृषापीडित पुरुष यत्न करकै यज्ञको प्राप्त होकर अपने मु
फलासे भोजन न होकरे और जैसे कामी पुरुष सुंदर युवती स्
त्रीको प्राप्त होकर नहीं भोगे तैसे यह तेरा निश्चय वना है १२

यथार्त्ते तृषितो लब्ध्वा न भुंजीयाद्यदृच्छया कामी
व कामिनीं लब्ध्वा कर्मेदं न त्वयोचितम् १३

हे राजन् इहां तेरा दोष नहीं है तुमारा ऐसा स्वभाव पूर्वसे
वना है दोष रहा हमारा है हमही निरायोग्य है जो ऐसे मंद
बुद्धि तेरेको अपना ज्येष्ठ भ्राताको राजा मानकर तेरे आज्ञा
कारी होती है १३

वयमेवात्र गर्ह्या हि यद्वयं मंदचेतसं त्वां राजन्न
नुगच्छामो ज्येष्ठाय मिति भारत १४

हम तो अतिवाहुवल सयुक्त है और शस्त्रविद्याके अभ्यास
करणे हारा है और सर्व पृथिवीके जयकी मनसावाली है
कायर जैसे तेरे जैसे राजाके वाक्यमो निष्ठा करते है जैसी
आपभी अशक्त पुरुष असक्त राजाके वाक्यको प्रमाण क
रता है १४

अग्नीकं गनीनस्मा ह्यष्टार्थो नर्थसिद्धये कथं
वे नानुपश्येयु जेनाः पश्यंत यादृशम् १५

हे जना हे लोका हमके सीहै अगती जो लोक है अनाथ ति
न्होंके गतीवने है रक्षा करणे हारे है अनाथ रक्षा करना है
अर्थ सिद्धिवास्ते जत्न करणे हारी और देवगनीकरकै इस
राजाकी कायरतासे नष्टार्थ भये है जैसे हम नष्टार्थ भये
है ऐसे कायरवाले पराक्रमी जनोको नष्टार्थको नहीं दे
खते ताते जो वलवान समर्थ पुरुष होवे तिन्होंने स्वार्थ सि
द्धिवास्ते अवश्य यत्न कर्तव्य है १५

आपत्काले हि संन्यासः कर्तव्य इति शिष्यते जरा
याभिपरीतेन शत्रुभिर्व्यंसितेन वा १६

यह हमारा राजा संन्यास ग्रहणकी वांछाकरताहै संन्या
सतो अपने यत्नकी हानिवाले आपत्कालमो कर्त्तव्यहै
अथवा नराजनेर वृद्धपुरुषको अनंतर संन्यास कर्त्तव्यहै १६
तस्मादिह कृतप्रज्ञा स्त्यागेन परिवर्त्तते धर्म्म
मतिक्रमनैव मन्यंते सूक्ष्मदर्शिन: १७
जौनसा पुरुष राज्यपीडाकर्के अधाकाहै उसने अपनी सा
मर्थ्यमो कपटाचरणसे संन्यासकर्त्तव्यहै वास्तव संन्यास
राजधर्मविषे नहीकर्त्तव्यहै १७
कथं तस्मात्समुत्पन्ना स्तन्निष्ठा स्तदुपाश्रया:
तदेव निंदां भाषेयु र्धाता तत्र नगर्ह्यते १८
ताते जो कुशलबुद्धि राजाहै तिन्हको संन्यासनहीकरा
है राजाके संन्यासकर्के धर्मका उलटपलट होताहै इसी
हेतुसे संन्यासधर्म ब्राह्मणोकी मुख्यहै याते शमदमादि
धर्म ब्राह्मणकोहै क्षत्रीको वैश्यादिकोको सूरतादि अप
ना धर्महै ताते क्षत्री वैश्यादिकोको संन्यासरूपी वैराग्य व
नना धर्मनहीहै यह सूक्ष्म विचारवाले पंडितोको मत·
है १८
श्रियाविहीनैरधनै र्नास्तिकै संप्रकीर्तितं वे·
दवादस्य विज्ञानं सत्याभास मिवानृतम् २०
हेराजन् तू हिंसारूपी अपने धर्मको क्यौं निंदाकरताहै
हमतो हिंसाप्रधानक्षत्रधर्मसे उत्पन्नभयेहै हिंसाप्रधान
धर्मकी निष्ठावालेहै हिंसाप्रधान धर्मक्षत्र हमाराजीव
नका आश्रयवनाहै उसकी निंदाको हमकैसेकरैंगे इ
सकी निंदायोग्य सृष्टिकर्त्ता विधाताहै उसको निंदा क्यौं
नही करते १९ जोतू कहै संन्यासधर्म हमको क्यौं नही
कर्त्तव्यहै जाबालि उपनिषत्त विषे संन्यासकहाहै इसी
कर्के जडभरतादि राजालोकभी संन्यासकरतेभये तो
उत्तर कहतेहै जो पुरुषधर्मार्थकामसाधक त्रयीविद्या
से हीनहै और संपदाराज्यहीन अधमपुरुषहै सो नास्ति
कजैसे तिन्होने वेदवादका विज्ञानमानाहै वेदविधि।
को अर्थवादकर्के कहाहै यह ऐसावाद सत्यधर्मका आ
भासमात्रहै मिथ्यावादहै

श्री·
ग· य·
टी·
२८

शंकांत मौढ्य मास्थाय विध्वलात्मा न मात्मनः
धर्मच्छद्म समास्थाय च्यवितं नतजीवितं २१
जो तुमने कहा मैं एकाकी सत्नुमार्ग कर्के हिंसादि रहि
तहोकर वनविषे ऐसा अपना सन्यास धर्म कहा है सो·
तो जोपुरुष अपने देहको आपही पालनकरता है निश्च
लस्थिती करता है सो तो धर्मत्यागकर्के कपटयोगको क
रता है केवल त्यागकर्के किसीको देहधारण नहीं बन
ता उसका उपयोगकर्के जीवन उपायविना शरीर नाश
होता है २१
शंके पुनररण्येषु सत्व मेकेन जिवितं अवि·
धाता पुत्रपौत्रा न्देवर्षीन तिथीन्पितृन् २२
जो तुमने कहा है एकाकी पुरुषवनविषे सत्वका जीव
ता है शरीरयात्रा स्वभावकर्के वालकेको स्तनपानप्रवृत्ति
समान आपही वनजाती है उत्तर सुनो एकाकी वनविषे·
सो जीवे पुत्रपौत्रादि पालनरूपी अपने धर्मकर्के नकर
सके और देवता ऋषि पितर और अतिथि जिससे नहोषण
लेजावे ऐसी स्थितिकर्के धर्मकर्मका लोपहोता है २२
नैमे मृगाः स्वर्गजितो न वराहा न पक्षिणः अ
थामेव प्रकारेण पुण्यमाहुर्नतेजनाः २३
जो वनवासकर्के स्वर्गादिगति होती है तो वनविषे मृग
जो है वराह जो है पंछी भी है उनको एकाकी वासकर्के क्यों
नही स्वर्गादिगति सिद्ध होवेगी २३
यदि संन्यासतः सिद्धिं राजन्कश्चिदवाप्नुयात्
पर्वताश्च द्रुमाश्चैव क्षिप्रंसिद्धि मवाप्नुयुः २४
जो काष्ठ मौन संन्यासकर्के मोक्षगति होती है तो पर्वत वृ
क्षादिक काष्ठ मौन समाधी वाली है सो क्यों मोक्ष सिद्धि
को नहीपावते २४
एते हि नित्यसंन्यासा दृश्यन्ते निरुपद्रवाः अपरि
ग्रहवंतश्च सततं ब्रह्मचारिणः २५

हे राजन् पर्वत वृक्षादिक योहै सो यह निश्चही संन्यासनिष्ठा वाले दृष्ट होतीहै और कामादि उपद्रवसे रहितहै और ग्रहणत्यागसेभी रहितहै सदाही ब्रह्मचारीहै मोक्षसिद्धि इनको क्यों नहीं होती २५

अथवै ह्यात्मभाग्येषु नान्येषां सिद्धिमश्नुते तस्मात्कर्मैव कर्तव्यं नास्ति सिद्धिरकर्मणः २६

अथवा आप ऐसा करतेहो पशुवृक्षादि कर्मचेष्टा रहितहैं पूर्वसंचित कर्मकरके जडयोनि बनेहैं मैतो चेतनसत्तावालाहूं अपने त्यागरूप सर्वसंन्यास योगकरके मोक्षसिद्धिको प्राप्तहोताहूं उत्तरसुनो जो अपने पुरुषार्थकरके फलसिद्धि होतीहै तो अपना जातिधर्मका कर्मही कर्तव्यहै अकर्म पुरुषको मोक्षसिद्धि कदापि नहींहोती २६

औदकाः सृष्टयश्चैव जंतवः सिद्धिमाप्नुयुः येषामात्मैव भर्तव्यो नान्यः कश्च न विद्यते २७

जो तुमकरतेहो समस्त लोकोंको अपनीहै सो एकाकी पुरुषको वनजातीहै उत्तरसुनो जलवासी मीनमच्छी आदिक जीवभी अपनी शरीर पोषण करतेहैं सोभी मुक्त होजावें उनकोभी अपने शरीरसे और किसीका पालना नहीं कर्तव्यहै जैसे अपने शरीरयात्रावास्ते कर्मकर्तव्यहै तैसे लोकयात्रा वास्तेभी कर्मकर्तव्यहै २७

अवेक्षस्व यथा स्वैः स्वैः कर्मभिर्व्याप्टतं जगत् तस्मात्कर्मैव कर्तव्यं नास्ति सिद्धिरकर्मणः २८

यह तुम आपही विचारकरो जैसा यह जगतविषे जीवजाती है सो सभही अपने कर्मोंकरके सभही जगतविषे व्याप्तहै तो अपने जातिधर्मका कर्म अवश्य कर्तव्यहै अकर्म पुरुषको कछु सिद्धनहींहोता २८ इति श्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे भीष्मवाक्ये दशमोध्यायः १०

अर्जुनउवाच अत्रैवोदाहरंतीम मितिहासं पुरातनं तापसैः सह संवादं शक्रस्य भरतर्षभ १

वैशंपायनउवाच राजायुधिष्ठिरसंन्यासको श्रेष्ठमानताहै भी

श्री॰ ग॰ य॰ टी॰ २९

२९

मसेन गृहस्थधर्मको श्रेष्ठमाननाहै इसविषे संन्यासपक्षको श्रे॰
ष्ठमानकर अधिकारहुवेके संन्यासकी अपेक्षाकरिके गृहस्थधर्म॰
हीश्रेष्ठहै ऐसी श्रुतिकी कथाको अर्जुन करताहै अर्जुनउवाच
हे राजन् इस प्रसंगविषे एक पुरातन इतिहासको उदाहरण कर
तेहैं तपस्वी जनोंके साथ इंद्रका संवाद भयाहै उसको आपश्रव
णकरो कोई एक ब्राह्मणके बालक जब द्विज संस्कारको प्राप्त
भई तबहे अपने गृहोंको त्यागकरिके वनको जातेभये कैसेहैं उन्ह
के मुखोंविषे दाढी मूछके रोमनही उगेहै मंदवैराग्यवालेहै उ
त्तम द्विजकुलमो जन्मेहै बहुउ गृहको नहीजाना इसप्रकारव
नको जातेभये १
केचिद्गृहान्परित्यज्य वनमभ्यागमन् द्विजाः अजा
तश्मश्रवो मंदाः कुलजाताः प्रवव्रजुः २
यह वनवासही हमाराधर्महै ऐसे जानकरिके ब्रह्मचारी होतेभये
भ्राता पितादिकोंको गृहमोही त्यागकर जातेभये उन्हको देखक
र यह बालकके अबही वनवासयोग्यनहीहै ऐसे जानकर इंद्र
उन्होंके प्रतिकृपा संयुक्त होताभया २
धर्मोयमिति मन्वानाः समृद्धाः ब्रह्मचारिणः त्यक्त्वा
भ्रातॄन्पितॄंश्चैव तानिंद्रोन्वकृपायत ३ तानाविवेश भ
गवान्पक्षी भूत्वा हिरण्मयः सुदुष्करं मनुष्यैश्च यत्कृ
तं विघसाशिभिः ४
इंद्रजी सो स्वर्णपक्षी होकर उन्हको वचन कहताभया मनुष्यो
का यासेजो अन्नभोजन सो जिन्होने त्याग कियाहै शुष्क तृणपत्रादि
भोजन करणा यह व्रत मनुष्योंको दुष्करहै यह व्रतधारण किया
है तोने विघसासी इन्द्रके नाम संज्ञा प्रसिद्धभईहै ४
पुण्यं भवति कर्मेदं प्रशस्तं चैव जीवितं सिद्धार्था
स्ते गतिं मुख्यां प्राप्ता धर्मपरायणाः ५
यह इन्द्रका व्रतकर्म पुण्यरूपहै इन्होका जीवना अतिप्रशस्तहै
यह इसप्रकारके व्रतकरिके सिद्धार्थभईहै सो सभही धर्मपरा
यण होकर मुख्य मुनि संज्ञावाली गतिको प्राप्तभयेहै इसप्र॰
कार इन्द्रने तपस्वीयोंको जो तापस ऋषि वचन करते भये ५

ऋषय ऊचुः अहो वनायं शकुनि विघसाशी प्रशंसति अस्मान् नूनमयं शास्ति नूनं वै विघसाशिनः ६
ऋषयऊचुः अहो आनंदभयाहै जो यह सुवर्णपक्षी विघसाशी व्रतकरणेहारी हमको प्रशंसाकरताहै इस आपही शुष्क तृण पत्रादि भोजन करताहै हम आपही विघसाशी नामप्रसिद्धकियाहै हमको ही यहपक्षी स्तुतिकरताहै ६
शकुनिरुवाच नाहं युष्मान् प्रशंसामि पंकदिग्धान् रजस्वलान् उच्छिष्ट भोजिनो मंदा नवैवो विघसाशिनः ७
शकुनिरुवाच सुवर्णपक्षि कहताभया है द्विजा मैं तुमको स्तुतिप्रशंसा नहीकरता तुम भावीकर्म दोषरूपी पंककर्के व्याप्तहो अतानकी रजोगुणकर्के युक्तहो वहउ तुम मृगकोटादि उच्छिष्ट शुष्क तृण पत्रको भोजनकर्के अपने आपको विघसासी नामधारी वनेहो ७
ऋषयऊचुः इदं श्रेयः परमिति वयमेवाभ्युपास्महे शकुनि ब्रूहि यच्छ्रेयो भृशं वै श्रद्दधामहे ८
ऋषयऊचुः हेपक्षिन् हमतो इसी व्रतको परमकल्याण जानकर उपासनकरतेहै जो हमारेको इसव्रतसे भिन्न अवर कल्याण रूपहै उसकोकहो हम तुम्हारे वचन श्रवण करणेको अति श्रद्धा करतेहै ८
शकुनिरुवाच इदं मा नाभिशंकध्वं विभज्यात्मानमात्मना ततोहं वः प्रवक्ष्यामि याथातथ्यं हितं वचः ९
शकुनिरुवाच हे द्विजा जोतुमने अपने २ आत्माको अपनी कल्पनाकर्के विषमभावकर्के नहीशंकाकरो इसप्रकारके विषमता आत्माविषे नहीकरो जो श्रवणकरणेवाला और आत्माहै वक्ता आत्मा औरहै शंका करणेहारा और आत्माहै ऐसा भेदकलना नहीकरो तोमै तुम्हारे हितपथ्यवचनको कहताहूं ९
ऋषयऊचुः शृणुमस्ते वचस्तात पंथानो विदिताः स्तव नियोगे चैव धर्मात्मन् स्थातुमिच्छाम शाधि नः १०
ऋषयऊचुः हे धर्मरूप हे तात तू हमारा हितकारीहै हमने

श्री॰ और मार्गनहीं जाने तेरे उपदेशमो स्थित होवनेको वांछाकरते
ग॰ प॰ है ते हमारेको उपदेशकरो १०
टी॰ शौनकिरुवाच चतुष्पदां गौः प्रवरा लोहानां कांचनं
३॰ वरं शब्दानां प्रवरो मंत्रो ब्राह्मणो द्विपदां वरः ११

शौनकिरुवाच हे द्विजाचार चरणोंवाले जीवोंविषे गौ श्रेष्ठहै और सब धातु गणविषे कांचनश्रेष्ठहै और शब्दसमूहोंविषे मंत्रश्रेष्ठहै और दोपादवाले मनुष्योंविषे ब्राह्मणश्रेष्ठहै ११

मंत्रैर्यज्जातकर्मादि ब्राह्मणस्य विधीयते जीवतो
पि यथाकालं श्मशान निधनादिभिः १२

मंत्रब्राह्मण कैसे श्रेष्ठ है सो कहते यह मंत्र ब्राह्मणको जातकर्मादि संस्कार विधानको जीविते करताहै जब इसका कालप्राप्तहोताहै तो श्मशान संस्कार और मृतक्रियाकोभी विधानको वेदमंत्र करताहै १२

कर्माणि वैदिकान्यस्य स्वर्ग्यः पंथाः क्रतूत्तमः क
थमे सर्वकर्माणि मंत्रसिद्धानि चक्रिरे १३

तांते ब्राह्मण शरीरको वैदिककर्महै स्वर्गका मारग सर्वयज्ञोंविषे श्रेष्ठहै द्विजसंस्कारकरके सर्वयज्ञोंका अधिकार होताहै जो वैदिक कर्म मार्ग ब्राह्मणको स्वर्गमार्ग नहीं होवे तो हमारे पितृपितामहादिक जोहैं सो मंत्रसिद्ध जातकर्मादि संस्कारको कौं करतेभये ऐसा आपही विचार करतेअहै १३

आत्मानं दृढवादीनि तथासिद्धि विदेह्यते मासार्थे
मासा स्तनच आदित्य शशिनारकं १४

यह पुरुष दृढनिश्चयवाला अपने आत्माको जैसे मार्गको प्राप्तकरे तैसी सिद्धिहोतीहै जिसदेवताका स्वरूपमाने सोई होतीहै जो अपनेको साक्षात् शिवरूप निश्चयकरे तो शिवरूप होताहै जो वासुदेवरूप माने तो वासुदेवरूप होताहै इसको आत्मस्वरूपकी प्राप्तिवास्ते तेनमार्ग वेदमो कहेहै उनका स्वरूपकहतेहैं मासादिमास शुक्लपक्षके अर्द्धमास और पितिरादि उत्तरायणकी तीनऋतु इस उपासनाकरके आदित्य लोककी प्राप्तिहोतीहै यहक्रमकरके मुक्तिस्थानको प्राप्त॰

करके द्वारा ब्रह्मलोक प्राप्तिवाला प्रथममार्ग है और तैसेही
श्रावणादि षट्मास कृष्णपक्षरूपी अंधमास वर्षादि तीनऋ
तु दक्षिणायन मार्ग है यह स्वर्ग प्राप्ति करता है भोगके अंत
कालमो पुनर्जन्म करके द्वारा केवल कर्ममार्ग है और इन्हो
से उत्तम सर्वो मुक्तिवाला तारकमार्ग है उसमो अध्यात्म अ
धिभौतिक ज्ञान विचार करके होता है उसविषे अविमुक्त क्षे
त्रकी उपासना होती है जिसविषे रुद्रजी तारक ब्रह्मतत्व
का उपदेश करते है तो एकजन्म करके मुक्ति होती है जिसको
पाइकर्के वहुरु जन्म नहीं होता १४.

**ईहंते सर्वभूतानि तदिदं कर्म संततं सिद्धिहेतु
मिदं पुण्य मध्य मेवा श्रमो महान् १५**

यह तीनमार्ग सर्व वेदमो तारक नाम वाले है सबही भूत
इनकी सिद्धिको चाहती है तीनो ही कर्ममार्ग ही कर्मफल
करके कहे है ताते कर्मके अधिकारका स्थान गृहस्थाश्रम क
हा है सिद्धिहेतु है सर्वप्रकारसे आश्रमो विषे श्रेष्ठ है और म
हाश्रम इसविषेही सर्व आश्रमोके उत्पत्ति है १५

**अथ ये कर्मनिंदातो मनुष्याः कापथंगताः मूढा
नामश्रद्दधानानां तेषामेनस्तु विद्यते १६**

अथशब्दकर्के अवर कहते है जो पुरुष कर्ममार्गको निंदाक
र्के सर्वत्यागरूपी खोटे मार्गको प्राप्तभये है सो मूढ है उन्हो
को कर्मफलरूपी अर्थसिद्धि नही होती केवल धर्मकर्म त्या
गका पापही होता है १६

**देववेषा पितृवेषा ब्रह्मवेषाश्च शाश्वतान् संत्य
ज्य मूढा वर्तंते ततो यांत्य धोपथम् १७**

जो पुरुष प्रथमही सर्वत्यागको उत्तम मानकर्के देवयानवा
ले कर्ममार्गको पितृयानवाले कर्म मार्गको ब्रह्म प्राप्त वाले
वेदोक्त तीन प्रकारके कर्ममार्गको त्यागकर्के जो मूढजन
केवल त्यागमार्गको प्रवृत्त होते है जिसका उत्तमफल श्रुती।
मोनही कहा ऐसी सर्प कीटादि पापयोनिको प्राप्त होते
है १७

एतद्धास्म तपोयुक्तं ददामी ऋषि वादिनम् ।

श्री. ग. प. टी. ३१

31

तस्मात्तत्त्वव्यवस्थानं तपसि तपउच्यते १८
हे द्विजो यह कर्ममार्ग तमको तपस्याके जो उपासना तिसक
कै संयुक्त सिद्ध होवे उपासना दो प्रकारकही है एक देवताके
निमित्त द्रव्यत्याग यज्ञादिकर्म करके कही है जिसकरके पुत्र
गो धन स्वर्गादि फल होताहै और एक तो अविमुक्त क्षेत्रकी उ
पासना है जिसविषे आत्मास्वरूपको कर्मोसे असंगयोगमा
र्गकरके जानना यह सभही वेदोक्त ऋषिमंत्रकरके कही है इ
न्हकी कर्तव्य व्यवस्था ही तपसी जनोंका तप कहा है केवल
देह शोषण तप नहीं है १८

देववंशा ब्रह्मवंशाः पितृवंशाश्च शाश्वताः सं
विभज्य गुरोश्चर्या तद्वै दुष्करमुच्यते १९
देवयानका देववंश मार्ग है ब्रह्मयानका ब्रह्मवंशमार्ग है
पितृयानका पितृवंशमार्ग है यह तीनो वेदोक्त कर्ममार्ग है
सनातन देवता ऋषिपरंपरा सेवते हैं इन्होंको गुरोकी सेवा
करके परस्पर विरोध कलना त्यागकरके दिनघटिकादि
कालविभाग करके व्यवस्थापूर्वक करणा सोई असाध्य
ता है इसको पंडित जनोने इहनिश्चय कर्तव्य यही तप
कहा है १९

देवा वै दुष्करं कृत्वा विभूतिं परमां गताः तस्मा
द्रहस्य मुहोऽपि दुष्करं प्रब्रवीमि वः २०
देवता ऋषिभि कर्मको इसमार्ग कठिन जानकरके विभाग
व्यवस्थापूर्वक करके परम सिद्धिको प्राप्त भये हैं ताते हे द्वि
जो रहस्य धर्मत्यागना महादुष्कर है इसविना इहलोक प
रलोक असाध्य है इसवास्ते तमको रहस्य करणेको उप
देश करता हूं २०

तपः श्रेष्ठं प्रजानां वै मूलमेतन्न संशयः कुटुं
ब विधिनानेन यस्मिन्सर्वं प्रतिष्ठितं २१
तप कहा है अपना कर्म है सो प्रजाके सबका मूल है सोई क
ल्याणरूप तप करके श्रेष्ठ है इसमें संदेह नहीं है कुटुंबी हो
करके रहस्यधर्म करके होता है जिसविषे सभही आश्रमोंका
धर्म वर्ता है २१

पतद्धिड स्तपोविप्रा द्वंद्वातीता विमत्सराः तस्मा
द्भुते मध्यमंत लोकेषु तप उच्यते २२
ताते ग्रहण त्यागादि द्वंद्व कलना रहित अनिंदक विद्यावान
ब्राह्मण ऋषी गृहाश्रम धर्मको तपोमय कहतेहै याहीते ब्रह्म
चर्य्यादि महाकष्ट संयुक्त वनवासादिकन सर्वत्यागकर्के म
ध्यम कहाहै और ब्रह्मचर्य्यादि रहित जो सर्वोपकारी गृहस्थ
धर्महै सोई सनातन तपकहाहै २२
द्रुताधेष पदेवैव गच्छेति विघसाशिनः सायंप्रात
विभज्यान्न स्वकुटुंबे यथाविधिः २३
हे द्विजा अपनेको विघसाशी मानतेहै विघसनाम अन्नकाहै
विना अन्नसे जो शुष्क तृणपत्रादिक उसको भोजन करतेहो
इस प्रकार विघसाशी ब्रत नहीं होता विघसाशी ब्रतवाले उ
गाधर्ष स्थानको प्राप्त होतेहै इस अर्थको तुम मोसे सुनो जो
पुरुष सायंकाल प्रातःकालविषे अपने कुटुंबको विभाग दे
कर्के शेषजो अन्न उसको दानपूर्वक भोजन करतेहै सोविघ
साशी कहेहै २३
दत्वा तिथिभ्यो देवेभ्यः पितृभ्यः स्वजनस्य च अव
शिष्टानि येश्नंति तानाहु विघसाशिनः २४
जो गरहस्थ धर्मवाले पुरुष प्रथम अन्नदान अतिथिजनोको दे
तेहै और देवता गणोको देतेहै और पितरोको विभाग देतेहै
अपने स्वजन कुटुंबकोभी विभाग करदेतेहै बाकीके अवशि
ष्ट अन्नको भोजनकरतेहै इस हेतुसे विघसाशी ब्रतवाले गृ
हस्थधर्मवालेही कहतेहै २४
तस्मात्स्वधर्म मास्थाय सुव्रताः सत्यवादिनः लो
कस्य गुरवोभूत्वा ते भवंत्य मुपस्कृताः २५
ताते जो पुरुष अपने वर्णधर्मवाले गृहस्थब्रतमो धारतेहै जो
सत्यवादी जनहै सो दानमानकर्के लोकगुरुहोकर निश्चयक
र्के संसारको तरजातेहैं २५
त्रिदिवे प्राप्य शक्रस्य स्वर्गलोके विमत्सराः

श्री॰
ग॰ प॰
टी॰
२२

वसंति धार्मसमान्वर्षान् जना दुष्करकारिणः २५
प्रथमतो अपने वर्णाश्रमको करके इहलोक स्वर्गलोक सबको पाकर्के सर्वप्रकारके विनयरहित अनेकवर्षपर्यंत अवश्य वास करते हैं जौन से आश्रमांतर कर्के दुष्कर गृहस्थधर्मको करते हैं सो समारसमुद्रको तरजाते हैं २५

अर्जुन उवाच ततस्ते तद्वचः श्रुत्वा धर्मार्थसहितं हितं कुरुश्रेष्ठ नास्तीतिगता गार्हस्थ्यं समुपाश्रिताः २७
अर्जुन उवाच हे राजन् इस प्रकार सो द्विजपुत्र पक्षिरूपी इंद्रकी धर्मार्थसहित ऐसे वचनको सुनकर प्रथम सन्यासकी वांछा करते भये वह दूर करते भये सन्यास अच्छा नहीं इस प्रकार सन्यासकी वांछाको त्यागकरके गृहस्थधर्मकी वांछा कर्के अपने गृहोंको जाते भये २७

तस्मात्त्वमपि धर्मज्ञ धैर्यमालंब्य शाश्वतं प्रशाधि पृथिवीं कृत्स्नां हतामित्रां नराधिप २८
हे राजन् ताते तुमभी धर्मज्ञ होकरके अपने गृहस्थ धर्मविषे धैर्यधारणकर्के यह पृथिवी शत्रुमारण करके तुम्हारी भयी है इसको अपने राजधर्म कर्के पालन करो २८

इति श्री महाभारते राजधर्मेषु धर्मार्थप्रकाशो एकादशोध्यायः ११
इति श्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे अर्जुनवाक्यं धर्मार्थप्रकाशो नाम एकादशोध्यायः ११

वैशंपायन उवाच अर्जुनस्य वचः श्रुत्वा नकुलो वाक्यमब्रवीत् राजानमभिसंप्रेक्ष्य सर्वधर्मभृतांवरं १
वैशंपायन उवाच इस प्रकार अर्जुनने वाक्य कर्के कर्मोंकी श्रेष्ठता कथन किई भई सो भी अभिमान त्यागसंयुक्त फलाशा त्यागपूर्वक कथन किई है इस प्रकार के नकुलके वचनोंको कहते हैं हे जनमेजय अर्जुनके वचनको श्रवणकर्के सर्वधर्मधारी जनोंविषे श्रेष्ठ नकुल है सो राजाके मुखको देखकर वचनको कहता भया १

अनुरुध्य महाप्राज्ञो भ्रातृचित्तमरिंदमः व्यूढोरस्को महाबाहुस्ताम्रास्यो मितभाषिता २
कैसा है नकुल महाबुद्धि है शत्रुगणको जीतने हारा है दृढहृदयवा

लाहै विशाल पराक्रम संयुक्त जिसकी भुजा है राजाको मार्गबुद्धि
करके रुक्मवर्ण सुखवालाहै राजाको चित्तवृत्तिको रोककरके वच
नको कहताभया २

नकुलउवाच विशाखयूपे देवानां सर्वेषां सत्रयाज्ञि
नाः तस्माद्धि हि महाराज देवाःकर्मफलेस्थिताः ३

नकुलउवाच हे राजन् विशाखयूप नामकरके प्रसिद्ध तीर्थविषे संपू
र्ण देवतागणोंने यज्ञवास्ते स्थंडिलविषे इष्टिका छिन्नकरके वेदी कल्प
नाकोनीही उसविषे अग्निस्थापन कियाहै सो अग्निस्थापनकी वेदकी
इष्टिका अबभी दृष्टहोतीहै ताते देवताभी कर्मफलकी वांछाकरतेहै स
काम कर्मकरके पितृलोक प्राप्तहोताहै निष्काम कर्मकरके देवलोक प्रा
प्तहोताहै ऐसे श्रुतिप्रमाणसे जो निष्काम कर्मकरके ब्रह्मलोकमो गयेहै
सो इहां देवता कहेहै ३

अनास्तिकानां भूतानां प्राणदाः पितरस्तथे तेपिक·
र्मैव कुर्वंति विधिं मेप्रेक्ष पार्थिव ४

हे राजन् जौनसी प्राणी धर्मकर्म करणेमो नास्तिक नहीहै तिन्होको
जो अन्न समर्पित होताहै सो पितरदेवता कहेहै ताते पितरभी फल।
दानरूपी कर्मके कर्ताहै तांते तमभी कर्मकांड विधीकोही शुभ
जानो ४

वेदवादापविद्धांस्तु तान्विद्धि भृशनास्तिकान् नहि
वेदोक्तमलस्य विप्रः सर्वेष्व कर्मसु ५

जौनसे पुरुष कर्मकांड वेदवाक्योंको अपवाद करतेहै निषेध करते
है तिन्हको तुम नास्तिकजानो वेदोक्त विधिको मार्गकरके कोई ब्रा
ह्मण हमने कर्मफलभोक्ता नहीदेखा तांते अग्निहोत्रादि विप्रधर्म
सभहि कर्म साधेहै ५

देवयानेन नाकस्य पृष्ठ माप्नोति भारत अन्याश्रमा
नयेसर्वा निराहू वेदनिश्चयाः ६

हे भरतश्रेष्ठ निष्काम कर्मकरके देवयानगति होतीहै उसीकरके
कर्मकांड नाकपृष्ठको ब्रह्मलोकको प्राप्तहोताहै यह गृहस्थाश्र
म सकल आश्रमोको अपनी कर्मनिष्ठाकरके जीतलेताहै सभसीयही
अतिश्रेष्ठहै यह सकलवेदोका निश्चयहै ६

ब्राह्मणाः श्रुति संपन्ना स्तान्निबोध जनाधिप·

श्री॰
ग॰ य॰
टी॰
३३

विनाशि धर्मलब्धानि कृतसुखेषु वासवन् ७
हे जनाधिप वेदोक्त विधि संपन्न सोई ब्राह्मण जानतु जौनसे अपने
धर्म कर्म की प्राप्तवाले धर्मसंग्रहको यज्ञकर्मकरके ब्राह्मणोंके
मुखविषे अर्पनकरतेहैं ७

कृतात्मा स महाराज सर्वत्यागी स्मृतोगरः अनेव
हा मुखोदाने तथैवार्धे प्रतिष्ठितः ८
जो पुरुष अपने वर्णके धर्म कर्मको और चित्तको अहंता मम
ता त्यागवालेको करताहै सो पंडित जनोने सात्विक त्यागी
कहाहै ८

आत्मत्यागी महाराज सत्यागी तामसः प्रभो अ
निकेतः परिपतन् वृक्षमूला श्रयोमुनिः ९
जो पुरुष अपनी मूढताकर्के सर्वसाध्य गृहस्थधर्मको त्याग
करताहै उर्ध्वगतीकी निष्ठाको करताहै हे महाराज सो आत्मत्या
गीहै आत्मघातीहै उसको तामस त्यागी कहतेहै इसका प्रमाण
मनुमहाराजने कहाहै जौनसा द्विज वेदनहीपढे और गृहस्थध
र्मकी वृद्धिवास्ते संतान उत्पन्न नहीकरे केवल त्यागकरके मोक्ष
की वांछाकरे तो अधोगतिको प्राप्तहोताहै तांते तामस त्या
गनही करणा ९

अपाचकः सदायोगी सत्यागी पार्थभिक्षुकः क्रो
धरक्षी वनाटस्य पैशुनेव विशेषतः १०
जिस पुरुषने गृहस्थधर्मको त्यागकियाहै और भिक्षावास्ते पृथिवी
को अटनकरता यद्यपि उसने सर्व इंद्रियोंकी वृत्ति योगकर्के जीति
है तोभी भिक्षायाचन कर्के ब्राह्मणजैसा भिक्षुकहै उसका यह
धर्म शुभहै तोभी जिसक्षत्रीसे प्रजापालनका क्लेशनहीवने उसका
त्याग राजसहै ताते दोषमूलकहै यह त्याग क्षत्रिय वर्णको शुभन
हीहै इसकाप्रमाण श्रुतीहै जब क्षत्रियसे प्रजापालन नहीवने
तो प्रजारक्षाके अभावसे ब्राह्मणजैसा भिक्षुक्षत्रिय होताहै उसको
याचनाकरणी महादोषहै १०

विप्रोवेदा नधीतेयः सत्यागी पार्थभिक्षुकः आश्र
मो लक्षया सर्वा न्यूनतानामभनीषिणः ११
हे राजन् जोपुरुष क्रोधलोभको त्यागकर्के परनिंदाकोभी

त्यागकर्के यो ब्राह्मण वेदको अध्ययन करताहै सो भिक्षुभी त्या
गीकहाहै इसका अधिकारभी ब्राह्मण कोहीहै यहभी राजस
त्यागहै ११
एकतश्च त्रयोराजन् गृहस्थाश्रम एकतः समी
क्ष्य तुलया पार्थ कामं स्वर्गंच भारत १२
धर्मवेत्ता आचार्य जोहै सो आश्रमोको तीनवेदोकेसाथ
तुलना करतेभये एक ओर तीनवेद तीनो आश्रमयहै एक
तरफ गृहस्थ धर्म भयाहै १२
अयंपन्था महर्षीणा मियं लोकविदां गतिः
इतियः कुरुते भावं सत्यागी भरतर्षभ १३
तुलनाकर्के विचारकिया तो इसविषे स्वर्गभोगको काम
भोगकोभी धर्मरूप देखायाते गृहस्थ धर्म अधिकहै यह
गृहस्थधर्म महाऋषीयोको मोक्षमार्गवनाहै स्वर्गादि उत्त
म लोकोकी गतीहै १३
नयः परित्यज्य गृहा न्वनमेति विमूढवत् यदा
कामा न्समीहेत धर्मवेत्त सिकोनरः १४
जो पुरुष इस गृहस्थधर्मको अवश्य कर्तव्य मानताहै फ
लवांछाके प्रसंगसे रहित होताहै सोई संन्यासी कहाहै जो
नसा अभिमानकर्के गृहत्यागकर्के वनको जाताहै सो अति
मूढहै उसको त्यागीनही मानना १४
अथैनं मृत्युपाशेन कंठेवध्नाति मृत्युराट् अभि
मान कृतं कर्म नैतत्फल वदुच्यते १५
पाखंडकर्के त्यागी पुरुष जोहै सो मूढत्यागीहै जब कामभो
गकी वांछाको करताहै उसीकालविषे उसको मृत्युपाशकर्के
यमराज बांधलेताहै अनेक क्षुद्रयोनीको प्राप्तकरताहै १५
त्याग एके महाराज सर्वमेव महाफलं शमोद
मस्तथा धैर्यं सत्य शौचं मथार्जवम् १६
ऋषिजनोंकी यहीविधिहै शमदमधैर्य और सत्य शौच आ
र्जव और यज्ञधृति धैर्य्य यह सभ अभिमानरहित फलप्रेम
गरहित करणा अभिमानसे कियाजो सदा अखंड फल
को करताहै १६

श्री ग. य. टी. ३५

34

यतो हृतिस्य धर्मस्य नियमार्थो विधिः स्मृतः पितृदेवातिथिकृते समारंभोत्र शस्यते अत्रैव हि महाराज त्रिवर्गः केवलं फलं १७

हे महाराज पितरोके देवतागणोके अतिथिजनके उपकार वास्ते गृहस्थविषे धर्म कर्मका आरंभ श्रेष्ठ कहाहै इसको धर्म अर्थ कामकी प्राप्तिका फल गृहस्थधर्म विषेही होताहै १७

धनस्य वर्तमानस्य विधावप्रति षेधिते त्यागिनः प्रसक्तस्येह नोच्छित्ति विद्यते क्वचित् १८

यह गृहस्थधर्म निषेधरहितहै इसके विधानविषे प्रवृत्तभया है और फलवांछाको त्यागकरताहै धर्मकर्मको अभिमान त्यागकरकै करताहै उसको धर्महानि कदापि नहीहोती १८

असृजद्धै प्रजाराज प्रजापति रकल्मषः मां यक्षतीति धर्मात्मा यज्ञैर्विविधदक्षिणैः वीरुधश्चैव वृक्षाश्च यज्ञार्थं वै तथौषधी २०

आदि सृष्टिकर्ता प्रजापतीजोहै सो तृणोका वृक्षोको यज्ञ वास्ते सृजताभया तैसेही औषधी और पशुगण और पवित्र जैसे अन्नको तृणोको यज्ञवास्ते सृजताभया २०

पशवश्चैव तथा मेध्यान् यज्ञार्थानि हवींषिच २१

यज्ञकरणेवास्ते प्रजाको सृजताभया प्रजालोक नानाप्रकार की दक्षिणावाले यज्ञोकरकै मोको यजनकरेंगे २१

गृहस्थाश्रमिणस्तस्य यज्ञकर्म विरोधकं तस्माद्गृहस्थ मेवेह दुष्करं दुर्लभं तथा २२

हे राजन् गृहस्थाश्रमीको यज्ञकर्म विरोधनहीकरता तांते गृहस्थाश्रमही परम दुष्करहै इतर आश्रमोको दुर्लभहै २२

तान्संप्राप्य गृहस्थायें पशुधान्य धनान्विताः नयजन्ते महाराज शाश्वतं तेषु किल्बिषं २३

जो पुरुष गृहस्थधर्मको पाइकर धनधान्य पशुसंपदायुक्तहै तोभी यज्ञनहीकरते उन्होको अखंड नरकवासकारी पापसदाही बनाहै २३

स्वाध्याय यज्ञा ऋषयो ज्ञानयज्ञा स्तथापरे अथा
परे महायज्ञान् मनसैव वितन्वते २४
केते ऋषि स्वाध्याय यज्ञवालेहैं केते मुनि ज्ञानयज्ञवालेहैं और के
ते पंचमहायज्ञवालेहैं यह सभही ममतात्यागकर्के अवश्य कर्त
व्य मनमों जानकर करतेहैं २४
एवं मनः समाधान मार्गमा तिष्ठतो नृप हिंसा
ते ब्रह्मभूतस्य स्पृहयंति दिवौकसः २५
हे राजन् इसप्रकार सावधान कर्के जो हिंसानिकर्म मारग को
करताहै सो वेदोक्तकर्म मार्गकर्के ब्रह्मरूपहोताहै उससे देवता
यज्ञभागकी वांछाकरतेहैं २५
सत्त्वानि विचित्राणि संजनानि ततस्ततः सवे
षूनभि संपश्य नास्तिका मभि जल्पसि २६
प्रथम स्वाध्याय यज्ञहै सो ब्रह्मचर्यमो होताहै द्वितीय द्रव्ययज्ञ
है सो गृहस्थको होताहै तृतीय ज्ञानयज्ञहै सो संन्यासकर्के हो
ताहै तेरेको ब्रह्मचर्यका कालवीतगयाहै अब द्रव्ययज्ञकर्तव्य
है सो तू मध्यम जो द्रव्ययज्ञ उसके साधनहै नानाप्रकारके धन
रत्नादिक सो तेरेको सभही प्राप्तहै यह यज्ञ सर्वभूतोंका उपका
री इसको त्यागकरके केवल ज्ञानयज्ञ मानताहै ताते नास्ति
क मतको मानताहै २६
ऊर्द्ध्वं मा क्षियतेत्यागं न पश्यामि नराधिप राज
सूयाश्वमेधेषु सर्वमेधेषु वा पुनः २७
सो अब ऊर्द्ध्व धर्मवालाहै जो को वेदवेदोक्त मार्गका संन्या
सनही बनता जोको राजसूय यज्ञविषे अश्वमेध यज्ञविषे सर्व
मेधादि यज्ञोंका अधिकारहै २७
येचाप्यु ऋतवः तात ब्राह्मणो ऽपि हजिताः तैर्यज
स्व महीपाल शक्रो देवपति र्यथा २८
औरभी जोजो ब्राह्मणोने वेदमार्गके अतिश्रेष्ठयज्ञकर्म करेहैं
तिन्होको विधिकर्के तूंभी यज्ञ कर जैसे इंद्रदेवता पतिहोकर
के यज्ञकरताहै २८
राज्ञः प्रमाद दोषेण दस्युभिः परिमुष्यतां अशरण्या
प्रजानां हि स राजा कलि रुच्यते २९

राजा सर्वप्रजाकी रक्षामो सावधान नही होवे तो प्रजाकी चोरादिक लूटलेते है जो राजा प्रजाकी रक्षावास्ते शरण्ययोग्य नही होवे सो राजा कलियुग रूप होता है सर्वप्रकारके पापका मूल होता है १९

अश्वांश्च गाश्च दासीश्च करेणश्च स्वलंकृताः ग्रामा
जनपदाश्चैव क्षेत्राणि च गृहाणि च २०

जो तू राज्यत्यागरूपी प्रमादकरे तो आपही कलिरूप होवेगा जो राजा अश्वदान गोदान दासीदान गजगजी दानोको सर्वालंकार संयुक्त नहीकरे और ग्राम नगर खेतगृहादि दान नही करेगा २०

अप्रदाय द्विजातिभ्यो मात्सर्याविष्टचेतसः वयं ते
राजकलयो भविष्याम विशांपते २१

वेदद्रोहके दोषकर्के राज्यत्याग करेगा तो हमतेरी भ्राताभी प्रजापालन विना कलिरूपही होवेगें २१

अदातारो शरण्याश्च राजकिल्बिषभागिनः दोषा
णामेव भोक्तारो न सुखानां कदाचन २२

